# इंजीनियर्स हनुमान जी के समान : मुख्यमंत्री

## सीएम ने कहा, कठिन से कठिन काम को सरल बनाने की क्षमता रखते हैं इंजीनियर्स

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 15 सितंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंजीनियरों की तुलना हनुमान जी से की है. उन्होंने कहा है कि इंजीनियर्स एक प्रकार से हनुमान जी के समान है, जो कठिन से कठिन कार्य को सरल बनाने की क्षमता और योग्यता रखते हैं.**

सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया ने 20वीं शताब्दी में देश के कठिन समय में अभियांत्रिकी के नए कीर्तिमान गढ़े. मुख्यमंत्री डॉ. यादव सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती पर कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में लोक कल्याण से लोक निर्माण के संकल्प के साथ



आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही. इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश में अभियंताओं को नवीन तकनीक और कार्यपद्धति का प्रशिक्षण देकर कार्यक्षमता में बढ़ोतरी करने के उद्देश्य से इंजीनियर्स रिसर्च एंड ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट स्थापित करने की घोषणा भी की.

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के अभियंताओं ने चिनाब ब्रिज जैसे निर्माण कर हर अवसर पर अपनी उत्कृष्टता सिद्ध की है. प्रदेश में लोक निर्माण विभाग ने लोक कल्याण की शुरुआत की है. मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियंता का अर्थ है आरंभकर्ता और हमारे इंजीनियर शुभारंभकर्ता हैं। सृष्टि का सबसे बड़ा अभियंता ईश्वर है, उन्होंने ही यह संसार रचा है. सृष्टि की इस संरचाना के संचालन को अभियंताओं ने ही संभव बनाया है. भारतीय ज्ञान परम्परा में हमें कई अभियंताओं के योगदान की जानकारी प्राप्त होती है.

### सिलावट इंदौर और विजयवर्गीय बदनावर में करेंगे पीएम मोदी की अगवानी

**भोपाल**. राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 17 सितंबर को मप्र के एक दिनी दौरे के लिये मिनिस्टर इन वेटिंग तय कर दिये हैं. ये मंत्री प्रधानमंत्री मोदी की अगवानी भी करेंगे और उन्हें विदाई भी देंगे. जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट इंदौर में प्रधानमंत्री मोदी की अगवानी करेंगे और उन्हें विदाई देंगे. इसी तरह धार जिले के बदनावर में नगरीय विकास एवं आवास, संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय पीएम मोदी की अगवानी करेंगे और हेलीपेड से उन्हें विदाई देंगे.

## प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर राजभवन में रक्तदान शिविर और होंगी जाँचें

**भोपाल**. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने रक्तदान और स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाने के निर्देश दिए है. रक्तदान और निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन राजभवन के सांदीपनि सभागार में किया जाएगा. शिविर का संचालन प्रात: 11 बजे से अपराह्न 1:30 बजे तक होगा. राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी ने बताया कि शिविर का आयोजन राजभवन और रेडक्रॉस के संयुक्त तत्वाधान में किया गया है. शिविर अवधि में आमजन स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता के महादान का पुण्य प्राप्त कर सकते हैं. शिविर में आमजन की नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच स्त्रीरोग और नेत्ररोग विशेषज्ञ करेंगे. कोठारी ने नागरिकों से अनुरोध किया है कि 17 सितंबर को राजभवन में आयोजित होने वाले शिविर में बड़ी संख्या में भाग लें. शिविर में रक्तदान कर मानवता के सेवा संकल्प में सहयोगी बने. नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ प्राप्त करें.



## सब इंस्पेक्टर 1 लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

**इंदौर, 15 सितम्बर. लोकायुक्त पुलिस ने इंदौर के आजाद नगर थाने में पदस्थ सब इंस्पेक्टर धर्मेंद्र राजपूत को एक लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है. आरोपी ने शिकायतकर्ता को धमकाया था कि उसके पिता को हत्या के झूठे केस में फंसा देगा.**



इसके एवज में उसने डेढ़ लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी. शिकायतकर्ता स्कीम नंबर 51 में रहने वाला एक सुरक्षा एजेंसी का प्रबंधक है. उसके पिता यह एजेंसी चलाते हैं. लोकायुक्त के अनुसार, सब इंस्पेक्टर राजपूत ने शिकायतकर्ता को थाने बुलाकर कहा कि अगर पिता को बचाना हो तो डेढ़ लाख रुपये लाना होंगे.

पहली किस्त के रूप में एक लाख रुपये मांगे गए. शिकायतकर्ता के पिता की अग्रिम जमानत हो जाने के बाद भी आरोपी ने केस की फाइल कमजोर करने और मदद करने के नाम पर रुपये मांगे.

# कई जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश

## कहीं मध्यम वर्षा, तो कहीं हल्की आंधी के साथ फुहारें

**भोपाल, 15 सितम्बर. मध्य प्रदेश में मानसून की सक्रियता एक बार फिर तेज़ होती दिख रही है. वही राजधानी भोपाल में सोमवार को सुबह सामान्य मौसम रहा, लेकिन दोपहर बाद घने बादल छा गए और शाम को बारिश हुई.**



मौसम विभाग के अनुसार आज प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बिजली-चमक के साथ बारिश की संभावना जताई गई है. कई जिलों में मध्यम वर्षा होगी, जबकि कुछ हिस्सों में हल्की आंधी चलने की भी संभावना है. मौसम विभाग का अनुमान का है कि रीवा, मऊगंज, सतना, चित्रकूट, मैहर, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्ना, सीधी, सिंगरौली, शहडोल, बाणसागर बांध क्षेत्र, सिवनी, बालाघाट, जबलपुर, भेड़ाघाट, दमोह, पन्ना टाइगर रिजर्व क्षेत्र, सागर, भोपाल, बैरागढ़, रायसेन, भीमबेटका, सांची और सीहोर जिले में बिजली-चमक के साथ मध्यम गरज-बरसात हो सकती है.

मौसम विभाग ने कहा है कि बुरहानपुर, बड़वानी, बावन गजा, रतलाम, ढोलवाड़, झाबुआ, अलीराजपुर, छतरपुर और खजुराहो जिले में शाम के समय हल्की आंधी और फुहारें पड़ने का अनुमान जताया गया है. इन इलाकों में वर्षा अपेक्षाकृत कम रहेगी, लेकिन बिजली-चमक से खतरा बना रह सकता है. मौसम विभाग ने किसानों और यात्रियों को सलाह दी है कि गरज-चमक के समय खुले मैदानों में खड़े न हों और सुरक्षित स्थानों पर शरण लें.



# कल से 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियान

▶ 20 हजार से अधिक स्वास्थ्य शिविर, महिलाओं को मुफ्त जांच-इलाज

भोपाल, 15 सितम्बर. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17 सितंबर को मध्यप्रदेश से 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियान का शुभारंभ करेंगे. इस अवसर पर प्रदेशभर में 20 हजार से अधिक स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे. इन शिविरों में महिलाओं को मुफ्त जांच, परामर्श और इलाज की सुविधा दी जाएगी.

अभियान का फोकस मातृ-शिशु स्वास्थ्य, पोषण, गैर-संचारी रोगों की स्क्रीनिंग और टीबी उन्मूलन पर रहेगा. उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने सोमवार को भोपाल स्थित निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तैयारियों की समीक्षा की. डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि यह अभियान प्रदेश के लिए अवसर और चुनौती दोनों है. मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार हुआ है, लेकिन अभी लंबा सफर तय करना बाकी है. उन्होंने अधिकारियों से कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों को इस अभियान से जोड़ा जाए ताकि ज्यादा से ज्यादा परिवार तक लाभ पहुंच सके.

एनएचएम की एमडी डॉ. सलोनी सिडाना ने बताया कि अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 5 जिले, 5 विकासखंड, 15 आयुष्मान आरोग्य मंदिर और 10 निजी संगठनों को सम्मानित किया जाएगा. शिविरों में हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, कैंसर, सिकल सेल, एनीमिया, टीबी और कुष्ठ रोग की स्क्रीनिंग व इलाज की सुविधा होगी. मानसिक स्वास्थ्य, दंत रोग, मोतियाबिंद और श्रवण विकारों की जांच भी की जाएगी. प्रदेशभर में विशेष रक्तदान शिविर आयोजित होंगे.

चर्चा ▶ आजादी के बाद देश में एक साथ चुनाव की परंपरा थी, जो इमरजेंसी के बाद यह टूट गई : प्रदेश अध्यक्ष

# परिवारवाद की राजनीति को रोकना है तो एक देश एक चुनाव ही विकल्प

नव भारत न्यूज

**इंदौर, 15 सितम्बर. वन नेशन, वन इलेक्शन को लेकर शहर में लता मंगेशकर सभागार में प्रदेश स्तरीय छात्र सम्मेलन का आयोजन हुआ. स्टूडेंट्स फॉर वन नेशन वन इलेक्शन फोरम का उद्देश्य उक्त विषय पर युवाओं और छात्रों के बीच विचार विमर्श करना था.**

आज राजेंद्र नगर स्थित लता मंगेशकर सभागृह मेवन नेशन वन इलेक्शन को लेकर छात्र सम्मेलन रखा गया था.उक्त छात्र सम्मेलन में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर छात्रों को संबोधित किया. सम्मेलन में वन नेशन वन इलेक्शन के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने कहा कि



बार-बार होने वाले चुनाव देश को आर्थिक और प्रशासनिक रूप से कमजोर करते हैं. 1995 से 2025 तक कोई वर्ष ऐसा नहीं रहा जब चुनाव न हुए हों. सिर्फ चुनावी प्रक्रिया पर ही 7 लाख करोड़ रुपये खर्च हो जाते हैं. बार-बार चुनाव होने से नीति निर्माण बाधित होता है, जबकि एक साथ चुनाव से समय और संसाधन दोनों की बचत होगी.

उन्होंने युवाओं से एक बड़े सोशल रिफॉर्म के रूप में देखने की अपील की. देश के लिए बड़ा मुद्दा है, जितना देश में ज्यादा चुनाव होगा ,उतनी राजनीति होगी, जितनी राजनीति होगी, उतना विकास कार्य कम होगा. देश में विकास ज्यादा हो, उसके लिए एक देश एक चुनाव जरूरी है. बार बार चुनाव होने से पॉलिसी पैरालिसिस की स्थिति हो गया है. इसका सबसे ज्यादा फायदा युवाओ को होगा. परिवारवाद की राजनीति को रोकना है तो एक देश एक चुनाव ही विकल्प है. यदि यह लागू होता है तो देश में बड़ा सोशल रिफॉर्म आएगा और आर्थिक स्थिति में भी बदलाव आएगा. मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि सरदार पटेल एक देश एक संविधान की बात करते थे. आजादी के बाद एक साथ चुनाव हुए, लेकिन बाद में सरकारें भंग होने से यह परंपरा टूट गई. आज देश को विकास के लिए 'वन नेशन, वन इलेक्शन' की सख्त जरूरत है. सम्मेलन में प्रदेश महामंत्री हितानंद शर्मा,भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री रोहित चहल, राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार, प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा सहित कई विधायक और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे.

**210 से अधिक कार्यक्रम**- प्रदेश समिति के सह-संयोजक पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि अब तक मध्यप्रदेश में वन नेशन, वन इलेक्शनझ पर 64 सेमिनार, 69 संगोष्ठी, 12 पत्रकार वार्ता, 8 व्यापारी संगोष्ठी, 29 में से 23 लोकसभा क्षेत्रों में विमर्श और 53 विधायकों के माध्यम से कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं. कुल मिलाकर प्रदेश में 210 कार्यक्रम संपन्न हो चुके हैं

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि आजादी के बाद देश में एक साथ चुनाव की परंपरा थी, लेकिन इमरजेंसी के बाद यह टूट गई. विपक्ष को डर है कि लोकसभा की लहर विधानसभा चुनावों को प्रभावित कर सकती है, मगर देश का मतदाता बहुत समझदार है. दुनिया के कई देशों में एक देश एक चुनाव की दिशा में यह काम शुरू कर दिया है. दुनिया के हर देश को पैसे बचाने की जरूरत है. समाज के लिए समय ओर धन बचाना जरूरी है . भाजपा प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह ने कहा कि 22 राज्यों और 17 करोड़ मतदाताओं के साथ पहला चुनाव हुआ था.


## मॉयल लिमिटेड (पूर्व में मैंगनीज ओर इंडिया लि.)

(भारत सरकार का उपक्रम)
मॉयल भवन, 1A, काटोल रोड, नागपुर- 440013
CIN:L99999MH1962GOI012398

**ई-निविदा सूचना**

निमर्नलखित कार्यों के लिए प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है:

| क्रम सं | विवरण और कार्य स्थान | ई-निविदा सं. |
|---|---|---|
| 1. | मध्य प्रदेश राज्य (उकवा खान और बालाघाट खान) और महाराष्ट्र राज्य (चिकला खान, मनसर खान और गुमगांव खान) में स्थित मॉयल की भूमिगत खदानों के संचालन के लिए एमडीओ (खान डेवलपर सह ऑपरेटर) की नियुक्ति करके इसके संचालन को आउटसोर्स करने के लिए रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई)। | EOI - 1: I/C of Dept: श्री विकास रंजन परिदा, vrparida@moil.nic.in, 7709042638 एवं श्री राजेश भट्टाचार्य, rbhattacharya@moil.nic.in |
| 2. | मॉयल के फेरो-मिश्र धातु संयंत्र को निजी पार्टी द्वारा संचालित करने के लिए इसके संचालन को आउटसोर्स करने के लिए सक्षम बोलीदाताओं से रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई)। | EOI - 2: I/C of Dept: श्री डी वी वी गिरि, dvvgiri@gmail.com, 8966006646 |

निविदा दस्तावेज और ई-निविदा की अनुसूची के विवरण के लिए वेबसाइट http://www.moil.nic.in और http://eprocure.gov.in पर जाएं। यदि कोई शुद्धिपत्र होगा तो उसे केवल वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा तथा समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जाएगा।

संयुक्त जी.एम. (खान)
मॉयल लिमिटेड

• इस्पात को शक्तिशाली बनाए • (हर एक काम देश के नाम)


# लोक अदालत में हुए 39 हजार बिजली संबंधी प्रकरण निराकृत

**14 करोड़ 3 हजार रूपये की छूट दी गई**

**10 करोड़ 11 लाख से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ**



भोपाल, 15 सितंबर. मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने जानकारी दी है कि गत दिनों आयोजित हुई राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रदेश में 39 हजार 337 प्रकरणों का निराकरण किया गया है. राष्ट्रीय लोक अदालत में पात्रता अनुसार बिजली उपभोक्ताओं को 14 करोड़ 3 हजार रूपये की छूट दी गई है.

बिजली कम्पनियों को 45 करोड़ 13 लाख रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ है. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी द्वारा 17 हजार 486 प्रकरणों का निराकरण कर विद्युत उपभोक्ताओं को 7 करोड 33 लाख 83 हजार रूपये की छूट दी गई है. कम्पनी को 21 करोड़ 8 लाख रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ है. इसी तरह पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी द्वारा 13 हजार 233 प्रकरणों का निराकरण कर विद्युत उपभोक्ताओं को 3 करोड़ 92 लाख रूपये की छूट दी गई है.बिजली कम्पनी को 13 करोड़ 22 लाख रूपये से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ है. पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी द्वारा 8 हजार 618 प्रकरणों का निराकरण कर विद्युत उपभोक्ताओं को 2 करोड़ 77 लाख रूपये की छूट दी गई है.

### ▶ 20 प्रतिशत एवं ब्याज की राशि पर 100% छूट

उल्लेखनीय है कि लोक अदालत में 10 लाख रूपए तक के सिविल दायित्व के प्रकरणों में समझौते की सीमा निर्धारित थी. विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135, धारा 126 के तहत दर्ज बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरणों का समझौता किया गया. प्री लिटिगेशन स्तर सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट, लिटिगेशन स्तर के प्रकरणों में आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट प्रदान की गई. धारा 126 के प्रकरणों में सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं विलंब होने पर ब्याज में सौ प्रतिशत की छूट देय थी.


## पश्चिम रेलवे त्यौहार विशेष ट्रेनें चलाएगा

| ट्रेन क्र. | प्रारंभिक स्टेशन व गंतव्य | सेवा की तिथि | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 09437 | गांधीधाम-सियालदह (सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल) | 17.09.2025 से 08.10.2025 तक | 18:25 बजे (बुधवार) | 16:15 बजे (शुक्रवार) |
| 09438 | सियालदह-गांधीधाम (सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल) | 20.09.2025 से 11.10.2025 तक | 05:15 बजे (शनिवार) | 02:00 बजे (अगले दिन) |
| पड़ावः सामाखियाली, ध्रांगध्रा, अहमदाबाद, छायापुरी, रतलाम, भवानी मंडी, रामगंज मंडी, कोटा, गंगापुर सिटी, बयाना, ईदगाह आगरा, टूंडला, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., मिर्ज़ापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी-ऑन-सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, हज़ारीबाग़ रोड, पारसनाथ, नेताजी सुभाष चंद्र बोस गोमो, धनबाद, आसनसोल, दुर्गापुर और बर्द्धमान स्टेशन। दोनों दिशाओं में | | | | |
| संरचनाः एसी-2 टियर, एसी-3 टियर, स्लीपर क्लास और सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच। | | | | |
| 09041 | उधना-बलिया (साप्ताहिक विशेष) | 25.09.2025 से 09.10.2025 तक | 06:40 बजे (गुरुवार) | 20:15 बजे (अगले दिन) |
| 09042 | बलिया उधना (साप्ताहिक विशेष) | 26.09.2025 से 10.10.2025 तक | 23:30 बजे (शुक्रवार) | 12:45 बजे (रविवार) |
| हॉल्टः सूरत, भरूच, विश्वामित्री, वडोदरा, गोधरा, दाहोद, रतलाम, नागदा, उज्जैन, शुजालपुर, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, गंज बासौदा, बीना, ललितपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, उरई, गोविंदपुरी, फ़तेहपुर, प्रयागराज जंक्शन, मिर्ज़ापुर, चुनार, वाराणसी, जौनपुर, औंरिहार और गाजीपुर सिटी स्टेशन दोनों दिशाओं में। | | | | |
| संरचनाः एसी-3 टियर कोच। | | | | |
| 09061 | बांद्रा टर्मिनस - बरौनी (साप्ताहिक विशेष) | 22.09.2025 से 06.10.2025 तक | 21:20 बजे (सोमवार) | 19:15 बजे (बुधवार) |
| 09062 | बरौनी-बांद्रा टर्मिनस (साप्ताहिक विशेष) | 25.09.2025 से 09.10.2025 तक | 12:15 बजे (गुरुवार) | 06:30 बजे (शनिवार) |
| पड़ावः बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, सूरत, वडोदरा, रतलाम, रामगंज मंडी, कोटा, गंगापुर सिटी, भरतपुर, मथुरा, कासगंज, फर्रुखाबाद, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, सुल्तानपुर, जौनपुर सिटी, वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर, हाजीपुर और शाहपुर पटोरी स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में। | | | | |
| संरचनाः एसी-3 टियर, स्लीपर क्लास और सामान्य द्वितीय श्रेणी के डिब्बे। | | | | |

समय, ठहराव और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए, यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जा सकते हैं।

ट्रेन संख्या 09437 की बुकिंग 16.09.2025 से और ट्रेन संख्या 09041 और 09061 की बुकिंग 17.09.2025 से सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी। उपरोक्त ट्रेनें विशेष किराए पर विशेष ट्रेनों के रूप में चलेंगी।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly
हमें फ़ॉलो करें: X.com/WesternRly
हमें फ़ॉलो करें: Instagram/WesternRly

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के लिए मूल पहचान पत्र साथ लाएँ


## खाद को लेकर किसानों में आपसी संघर्ष, 5 घायल

**मुरैना**. मुरैना जिले में आज तड़के खाद लेने के लिए वितरण केंद्र पर लाइन में आगे लगने को लेकर किसानों के बीच आपस में लाठीचार्ज हो गया, जिसमें पांच किसानों के घायल होने की खबर है.


## मराल ओवरसीज़ लिमिटेड

सीआईएन: L17124MP1989PLC008255
पंजीकृत कार्यालयः मराल सरोवर, ग्राम एवं पोस्ट खलबुर्जुग, तहसील कसरावाद, जिला खरगोन – 451 660, (मध्य प्रदेश)
फोनः +91-7285-265401-265404, 265417
कॉर्पोरेट कार्यालय : भीलवाड़ा टॉवर्स, ए–12 सेक्टर–1, नोएडा – 201 301, (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र–दिल्ली)
फोनः +91-120-4390300, 4390000 (EPABX)
ईमेलः maral.investor@lnjbhilwara.com; वेबसाइटः www.maraloverseas.com

PROUD TO BE INDIAN
PRIVILEGED TO BE GLOBAL

**सूचना**
(कम्पनी के इक्विटी शेयरधारकों के ध्यानार्थ)

**विनिधानकर्ता शिक्षा और संरक्षण निधि ('आईईपीएफ') में अवैतनिक/अदावाकृत लाभांश के हस्तांतरण को रोकने हेतु केवाईसी एवं अन्य संबंधित अद्यतनीकरण तथा शेयरधारक सहभागिता हेतु 100 दिवसीय अभियान – 'सक्षम निवेशक'**

मराल ओवरसीज़ लिमिटेड **('कम्पनी')** के शेयरधारकों को सूचित किया जाता है कि विनिधानकर्ता शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण **('आईईपीएफए')**, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय **('एमसीए')** के दिनांक 16 जुलाई, 2025 के पत्र के अनुसरण में, कम्पनी द्वारा 28 जुलाई, 2025 से 6 नवम्बर, 2025 तक चलने वाला 100 दिवसीय अभियान **'सक्षम निवेशक'** आरम्भ किया गया है। इस अभियान के दौरान, जिन शेयरधारकों ने अपने केवाईसी और नामांकन विवरण अपडेट नहीं किए हैं या जिन्हें बिना दावे वाले लाभांश और शेयरों से संबंधित कोई समस्या आ रही है, वे कम्पनी या उसके रजिस्ट्रार व शेयर ट्रांसफर एजेंट **('आरटीए')** एमसीएस शेयर ट्रांसफर एजेंट लिमिटेड को उनके निम्नलिखित पते पर संपर्क कर सकते हैं।

शेयरधारक यह भी ध्यान दें कि इस अभियान के अन्तर्गत कम्पनी शेयरधारकों से उनके केवाईसी, बैंक अधिदेश, नामिती एवं संपर्क जानकारी आदि को अद्यतन करने तथा उनके अवैतनिक/अदावाकृत लाभांश का दावा करने हेतु संपर्क कर रही है, ताकि उनके शेयरों और लाभांश राशि को **('आईईपीएफए')** में हस्तांतरित होने से रोका जा सके।

**मराल ओवरसीज़ लिमिटेड**
भीलवाड़ा टावर्स, ए–12,
सेक्टर–1, नोएडा – 201301
उत्तर प्रदेश

**एमसीएस शेयर ट्रांसफर एजेंट लिमिटेड**
(यूनिटः मराल ओवरसीज़ लिमिटेड)
179–180, डीएसआईडीसी शेड, तृतीय तल, ओखला औद्योगिक क्षेत्र
फेज–I, नई दिल्ली–110020, फोन नंबरः 011–41406149–51
ईमेल आईडीः helpdeskdelhi@mcsregistrars.com

कृते मराल ओवरसीज़ लिमिटेड
हस्ता/–
संदीप सिंह
कम्पनी सचिव व अनुपालन अधिकारी
एफसीएस – 9877
ईमेलः maral.investor@lnjbhilwara.com

स्थान : नोएडा (उ.प्र.)
दिनांक : 15 सितम्बर, 2025


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7590/60